संघ लोक सेवा आयोग

सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा, 2020 तथा

भारतीय वन सेवा परीक्षा, 2020

दिनांक: 01 जुलाई, 2020

परीक्षा केंद्र के विकल्प का अनुरोध करने के संबंध में उम्मीदवारों के लिए नोटिस

संघ लोक सेवा आयोग दिनांक 05/06/2020 को प्रकाशित संशोधित परीक्षा/भर्ती परीक्षण कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 04/10/2020 (रविवार) को देशभर में सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा, 2020 {भारतीय वन सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा, 2020 सहित} का आयोजन करेगा ।

2. सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा, 2020 {भारतीय वन सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा, 2020 सहित} के उम्मीदवारों की बड़ी संख्या तथा अपने परीक्षा केंद्रों में परिवर्तन के संबंध में उम्मीदवारों से प्राप्त अनुरोधों को ध्यान में रखते हुए आयोग ने इन उम्मीदवारों को परीक्षा केंद्र का अपना संशोधित विकल्प प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करने का निर्णय लिया है । इसके अतिरिक्त, सिविल सेवा (प्रधान) परीक्षा, 2020 और भारतीय वन सेवा (प्रधान) परीक्षा, 2020 के लिए परीक्षा केंद्र बदलने का विकल्प भी उम्मीदवारों को उपलब्ध कराया जा रहा है । उम्मीदवारों द्वारा अपने परीक्षा केंद्रों में परिवर्तन के संबंध में किए गए अनुरोधों पर विचार, परीक्षा केंद्रों द्वारा अतिरिक्त उम्मीदवारों को शामिल करने के बारे में सूचित की गई अतिरिक्त/बढ़ाई गई क्षमता को ध्यान में रख कर किया जाएगा ।

3. उम्मीदवारों द्वारा परीक्षा केंद्रों के संशोधित विकल्प प्रस्तुत करने की समयावधि आयोग की वेबसाइट https://upsconline.nic.in पर **दो चरणों में अर्थात 7 से 13 जुलाई, 2020 (सायं 6.00 बजे) और 20-24 जुलाई, 2020 (सायं 6 बजे) तक** उपलब्ध होगा । उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आयोग की वेबासाइट पर जाएं और उक्त परीक्षा हेतु परीक्षा केंद्रों के अपने विकल्प प्रस्तुत करें, यदि आवश्यक हो ।

4. उम्मीदवार कृपया यह नोट कर लें कि परीक्षा केंद्र में परिवर्तन के संबंध में उनके अनुरोधों पर विचार “पहले आवदेन-पहले आबंटन” के सिद्धांत के आधार पर (जिसका पालन आयोग की सभी परीक्षाओं के मामले में किया जाता है और जिसका उल्लेख सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा, 2020 और भारतीय वन सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा, 2020 के परीक्षा नोटिसों में भी किया गया था) किया जाएगा । एक बार किसी केंद्र-विशेष की क्षमता पूरी हो जाने के बाद उसे फ्रीज कर दिया जाएगा । अधिकतम संख्या के कारण यदि किसी उम्मीदवार को उसकी पसंद का केंद्र नहीं मिल पाता, तो उसे शेष बचे केंद्रों में से कोई केंद्र चुनना होगा ।

5. सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा, 2020 के दिनांक 12/02/2020 के परीक्षा नोटिस सं. 05/2020-सीएसपी तथा भारतीय वन सेवा परीक्षा, 2020 के दिनांक 12/02/2020 के परीक्षा नोटिस सं. 06/2020-आईएफएस में उल्लिखित सभी शर्तों व पात्रता में कोई परिवर्तन नहीं होगा ।

6. उपर्युक्त के अतिरिक्त, आयोग उम्मीदवारों को आवेदन वापस लेने का विकल्प भी उपलब्ध कराएगा । यह विकल्प आयोग की वेबसाइट https:upsconline.nic.in पर **01 से 08 अगस्त, 2020** तक उपलब्ध होगा । आवेदन वापस लेने के सभी निबंधन एवं शर्तें वही होंगी जिनका उल्लेख सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा के दिनांक 12/02/2020 के परीक्षा नोटिस सं. 5/2020-सीएसपी तथा भारतीय वन सेवा परीक्षा, 2020 के दिनांक 12.02.2020 के परीक्षा नोटिस सं. 06/2020-आईएफएस में किया गया है । उम्मीदवार यह अवश्य नोट कर लें कि किसी उम्मीदवार द्वारा आवेदन वापस ले लिए जाने के उपरांत, भविष्य में किसी भी परिस्थिति को उसे रिवाइव नहीं किया जा सकेगा ।